# प्रमुख घटनाएं और उपलब्धियां

## (मई, 2019)

*****

**मुख्य कार्यकलाप और उपलब्धियाँ**

- अब तक, 52,744 आयुष्मान भारत- स्वास्थ्य एवं आरोग्य केन्द्र (एचडब्ल्यूसी) को अनुमोदन प्रदान किया गया है। एचडब्ल्यूसी पोर्टल पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त सूचना के अनुसार इनमें से 31 मई, 2019 तक 18,705 एचडब्ल्यूसी प्रचालनरत हैं।
- सचिव (एचएफडब्ल्यू) ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और असम राज्यों के राज्य स्वास्थ्य सचिवों के साथ 20-30 मई, 2019 की अवधि के दैरान जेनेवा, स्विटजरलैंड में 72वीं विश्व स्वास्थ्य सभा (डब्ल्यूएचए) अन्य संबद्ध बैठकों में भाग लेने के लिए भारतीय प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व किया। 72वीं डब्ल्यूएचए के अलावा जीएवीआई और डब्ल्यूएचओ एफसीटीसी के साथ अन्य महत्वपूर्ण बैठकों अर्थात् राष्ट्र मंडल स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक (सीएचएमएम), एनएएम मंत्रियों की बैठक, संयुक्त राज्य और आस्ट्रेलिया के प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्षों की द्विपक्षीय बैठकें भी हुई। 72वीं डब्ल्यूएचए में वर्ष 2020-2023 के चार वर्षों की अवधि के लिए डब्ल्यूएचओ के बाह्य लेखा-परीक्षक के रूप में भारत के महालेखा-परीक्षक एवं नियंत्रक को चुना गया है।
- कुल 4163 स्वास्थ्य सुविधाओं को कायाकल्प पुरस्कार स्कीम के तहत पुरस्कार प्रदान किए गए।
- 30-31 मई, 2019 के दौरान नई दिल्ली में आयोजित जनसंख्या अनुसंधान केन्द्र (पीआरसी) की पहली ओरिएंटेशन वर्कशाप का उद्घाटन सचिव (एचएफडब्ल्यू) द्वारा किया गया ताकि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की आठ फ्लैगशिप स्कीमों/कार्यवाहियों की निगरानी करने के लिए पीआरसी को उन्मुख किया जा सके।
- अंडमान और निकोबार द्वीप के लिए एक अतिरिक्त फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स (एफएसडब्ल्यू) की स्वीकृति दी गई है। इससे स्वीकृत एफएसडब्ल्यू की कुल संख्या 46 से बढ़कर 47 हो गई है।
- 21 से 22 मई, 2019 के दौरान नई दिल्ली में आयोजित दो दिवस की क्षमता निर्माण कार्यशाला में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नाको) ने राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अगले चरण की ओर बढ़ने पर चर्चा की। इसके अलावा, एंटीरेट्रोवायरल उपचार केन्द्रों में पंजीकृत एचआईवी के साथ जीने वाले लोगों के बीच मृत्यु के विशिष्ट कारणों का पता लगाने के लिए वर्बल ऑटोप्सी पर परामर्श प्रक्रिया आयोजित की गई।
- एचआईवी की स्वयं जांच (एचआईवीएसटी) करने के संबंध में तकनीकी सलाहकार समूह की तीसरी बैठक का आयोजन दिनांक 16 मई, 2019 को नाको द्वारा नई दिल्ली में किया गया था जिसमें एचआईवीएसटी शुरू करने के लिए की जाने वाली तैयारियों से संबंधित अपेक्षित प्रमाणों/मार्गदर्शन पर चर्चा की गई।
- स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के अधिकारियों ने अहमदाबाद स्थित आयोडीन अल्पता विकार (आईडीडी) निगरानी प्रयोगशाला तथा जामनगर स्थित राष्ट्रीय फ्ल्यूओरोसिस रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम (एनपीपीसीएफ) प्रयोगशाला का दौरा किया तथा राज्य के अधिकारियों के साथ गुजरात राज्य में राष्ट्रीय आयोडीन अल्पता विकार नियंत्रण कार्यक्रम (एनआईडीडीसीपी) और एनपीपीसीएफ के क्रियान्वयन की समीक्षा की।
- विभिन्न मेडिकल कॉलेजों/संस्थानों के 8 स्नातकोत्तर (व्यापक स्पेशियलिटी और सुपर स्पेशियलिटी) पाठ्यक्रमों को मान्यता देते हुए इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई तथा 7 एमबीबीएस कॉलेजों से संबंधित मान्यता के लिए अधिसूचना/पत्र जारी किए गए। मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए संघ (दो अथवा चार तक प्राइवेट संस्थानों का समूह) को अनुमति दी गई।

- फरवरी, 2017 से चरणबद्ध तरीके से प्रारंभ किया गया खसरा-रूबेला (एमआर) अभियान 36 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में पूरा कर लिया गया है तथा 1 राज्य में चल रहा है। 22 मई, 2019 की स्थिति के अनुसार, इस अभियान के तहत 30.5 करोड़ से अधिक बच्चों को टीका लगाया जा चुका है।
- पीसी और पीएनडीटी अधिनियम, 1994 के कार्यान्वयन की अनुपालना को सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय निरीक्षण और निगरानी समिति (एनआईएमसी) ने 8 से 10 मई, 2019 तक महाराष्ट्र का दौरा किया।
- भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त के कार्यालय द्वारा जनसंख्या प्रेक्षण पर तैयार की गई मसौदा रिपोर्ट पर चर्चा करने के लिए भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त की अध्यक्षता में 2011-35 की अवधि के लिए दिनांक 3 मई, 2019 को जनसंख्या प्रक्षेण संबंधी तकनीकी समूह की तीसरी बैठक का आयोजन किया गया।
- 28 मई से 8 जून, 2019 तक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में गहन अतिसार नियंत्रण पखवाड़े का आयोजन किया गया।
- अपर सचिव और प्रबंध निदेशक (एनएचएम) की अध्यक्षता में दिनांक 28.05.2019 को राष्ट्रीय संचालन समिति-अपेक्षित जिले (एनएससी-एडी) की प्रथम बैठक का आयोजन किया गया।
- ''संपूर्ण भारत में स्वास्थ्य के ग्यारह इंडो-यूके संस्थान स्थापित करने और प्राइवेट सैक्टर के सहयोग से स्वास्थ्य परिचर्या के क्षेत्र में प्रस्तावित सदृश निवेशों'' के संबंध में सचिव (स्वास्थ्य), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग की अध्यक्षता में गठित कार्यबल की दिनांक 8 मई, 2019 को नई दिल्ली में 5वीं बैठक का आयोजन किया गया।
- केन्द्रीय स्वास्थ्य शिक्षा ब्यूरो (सीएचईबी), स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय द्वारा 2 ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें 15 मई तथा 2 मई, 2019 को क्रमश: मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलेज, नई दिल्ली और स्कूल ऑफ नर्सिंग, जन स्वास्थ्य और स्वास्थ्य विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली के 59 एमबीबीएस, एएनएम छात्रों ने हिस्सा लिया।
- राष्ट्रीय दृष्टिहीनता और दृष्टिदोष नियंत्रण कार्यक्रम के तहत वित्तीय वर्ष 2019-20 में मई, 2019 तक मोतियाबिंद के लगभग 2.97 लाख ऑपरेशन किए गए, स्कूल के बच्चों को 12,124 चश्मों का नि:शुल्क वितरण किया गया तथा दान की गई, 3,627 आंखें एकत्र की गई।
- आयुष्मान भारत- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) के तहत मई, 2019 महीने में हुई प्रगति निम्नवत् हैं:

| **पीएमजेएवाई प्रगति-मई, 2019** | | | |
|---|---|---|---|
| **मैट्रिक** | **01.06.2019** | **01.05.2019** | **मई, 2019 के अंत तक प्रगति** |
| जारी किए गए ई-कार्ड | 3,48,45,011 | 3,16,97,762 | 31,47,249 |
| अस्पताल में भर्ती किए गए लाभार्थी | 26,59,853 | 22,28,381 | 4,31,472 |
| भर्ती के लिए प्राधिकृत राशि | 3578.6 करोड़ | 2967.3 करोड़ | 611.3 करोड़ |
| प्रस्तुत किए गए दावे | 20,86,374 | 16,99,226 | 3,87,148 |
| प्रस्तुत किए गए दावों की राशि | 2765.0 करोड़ | 2225.3 करोड़ | 539.7 करोड़ |
| दावे का औसत आकार | 13,253 | 13,096 | 13,940 |
| अनुमोदित दावे | 14,65,052 | 12,20,554 | 2,44,498 |
| अनुमोदित दावे की राशि | 1896.8 करोड़ | 1585.1 करोड़ | 311.7 करोड़ |
| एनएचए कॉल सेंटर (14555) द्वारा उत्तर दी गई कुल कॉलें | 40,76,913 | 39,27,290 | 1,49,623 |
| mera.pmjay.gov.in पर कुल उपभोक्ता | 1,12,78,564 | 1,04,48,521 | 8,30,043 |

*******